प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 04 जनवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. एस. एन. पाठक ने राज भवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर न्यायमूर्ति महोदय ने अपनी स्वरचित पुस्तक "न्याय पथ के पथिक" राज्यपाल महोदय को भेंट की।

राज्यपाल महोदय ने पुस्तक रचना के लिए न्यायाधीश महोदय को हार्दिक बधाई दी और उनकी इस उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने आशा प्रकट कि यह पुस्तक न्यायिक प्रक्रिया, उसके मूल्यों और आदर्शों को समझने में सहायक सिद्ध होगी।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री मुकेश कुमार, सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएँ दीं।

राज्यपाल महोदय ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनाएँ दीं।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पूर्व राज्यसभा सांसद श्री अजय मारू ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री अजय मारू ने राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

राज्यपाल महोदय ने भी श्री मारू को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पद्मश्री श्री अशोक भगत, सचिव, विकास भारती, बिशुनपुर ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री भगत ने राज्यपाल महोदय को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएँ दीं तथा संस्था की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया।

राज्यपाल महोदय ने संस्था के प्रयासों की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।